दुर्घटना | चार छात्राएं घायल, परिजनों ने बेटी के इलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

# शराबी से टकराकर ऑटो पलटा, छात्रा की मौत



**नवभारत, हटा 29 सितंबर।** जिले के हटा थाना क्षेत्र में आने वाले ककराई वार्ड मार्ग पर सोमवार को दोपहर छात्राओं को ले जा रहा ऑटो एक शराबी से टकराकर पलट गया, जिससे ऑटो में सवार एक छात्रा की मौत हो गई और पांच छात्राएं घायल हो गई।

इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई, जिन्होंने सभी छात्राओं को डायल 112 की सहायता हटा सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद छात्राओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया. रास्ते में एक छात्रा की मौत हो गई, अन्य जिला अस्पताल में इलाजरत है. जानकारी के अनुसार खेजरा गांव से पांच छात्राएं ऑटो में सवार होकर हटा के शासकीय एमएलबी स्कूल पड़ने जा रही थीं. इनमें सुहानी लोधी, चंदा लोधी, सुषमा लोधी, पूजा लोधी और नीलम उर्फ नंदनी लोधी शामिल हैं.

### शराबी अचानक ऑटो के सामने आ गया

हटा रनेह मार्ग पर बड़ी ककराई के नजदीक सड़क पर शराबी अचानक सामने आ गया. जिससे ऑटो टकराकर सड़क पर पलट गया और सभी छात्राएं घायल हो गई.जिसमें नंदनी उर्फ पिता पूरन लोधी 14 निवासी खेजरा की मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन सुहानी लोधी 17 की हालत गंभीर है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, उमेश तंतुवाय, चक्रेश चौधरी, मनीष संगतानी, डॉ. कौशिकी सिंह राजपूत द्वारा किया जा रहा है.

### परिजनों ने कहा- आक्सीजन नहीं लगाई गई

परिजनों ने हटा अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया है. आरोप है कि हटा अस्पताल के डॉक्टर अनंत कुमार ने पहले कहा था कि छात्रा को ऑक्सीजन की आवश्यकता है, लेकिन जब उसे जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा था तो उसे ऑक्सीजन नहीं लगाई गई, इसलिए उसकी मौत हुई है. शराबी राहगीर सुमैया रजक शराब नशे में था और अचानक सड़क पर आकर ऑटो से टकरा गया.

### तहसीलदार व नायब तहसीलदार पहुंचे अस्पताल

हटा अस्पताल में तहसीलदार शिवराम चढ़ार व दमोह जिला अस्पताल पहुंचे नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी ने बताया कि हटा में छात्राओं को लेकर जा रहा ऑटो शराबी से टकराकर पलट गया है. घायल छात्राओं को जिला अस्पताल लाया गया, जहां एक की मौत हो गई और अन्य छात्राओं का इलाज चल रहा है पुलिस मामले की जांच कर रही है.



# गणवेश मिलने से खिले छात्राओं के चेहरे

▶ एक अच्छा नेतृत्व सफलता के मार्ग प्रशस्त करेगा : मलैया

**नवभारत,दमोह।** स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई उ.मा. विद्या दमोह में शाला प्राचार्य एवं स्ट्राफ के सहयोग से नि:शुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।


समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायकदमोह जयंत मलैया थे. अध्यक्षता दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के अध्यक्ष सुधीर जैन ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत बैंक मैनेजर हिल्ला दुबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदना के द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पहारो से स्वागत किया गया। एमएलबी दमोह के प्राचार्य डॉ. आलेक सोनवलकर ने संस्था में किए जा रहे नए प्रयोग और सेवाभावी नवाचार की जानकारी दी।

### विधायक ने शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की

मुख्य अतिथि जयंत मलैया ने संस्था और स्टाफ के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ड्रेस वितरण से छात्राओं के भीतर नवीन आत्मविश्वास और उत्साह जगेगा और नवाचार से प्रेरणा मिलेगी। एक अच्छा नेतृत्व, सफलता के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री मलैया ने एमएलबी स्कूल दमोह के नवीन शेड निर्माण के लिए विधायक निधि से राशि दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम को सुधीर सिंघई, संजय अरिहत ने भी सबोधित किया। संचालन श्रुति राजपूत और सपना जैन ने किया।

# आधार कार्ड बनाने में पारदर्शिता बरकरार

▶ नगर परिषद पटेरा में आधार अपडेटिंग की रसीद भी दी जा रही है



**नवभारत,पटेरा।** नगर परिषद पटेरा में चल रहे आधार कार्ड अपडेटिंग व नवीन आधार कार्ड बनाने के कार्य में पारदर्शिता देखने को मिली है. कुछ दिनों पूर्व अधिक राशि वसूलने की मौखिक शिकायतों के बाद, हाल ही में केंद्र का निरीक्षण स्थानीय मीडिया द्वारा फिर केंद्र का जायजा लिया गया, जहां नागरिकों ने ऑपरेटर के काम पर संतोष व्यक्त किया.

नगर परिषद प्रांगण में ऑपरेटर अखिलेश सोनी द्वारा यह कार्य किया जा रहा है.आधार कार्ड अपडेट कराने आई अमृता अहिरवार (महाराजगंज) ने बताया कि उन्हें 1000 रूपये की रसीद दी गई है और उनसे 100 रूपये ही शुल्क लिया गया है. इसी प्रकार, गुलाब रानी चडार, सीमा कुर्मी, देव की रूप अहिरवार और नैन ककड़ा रामप्रसाद जैसे कई अन्य लोगों ने भी पुष्टि की कि उन्हें निर्धारित शुल्क पर ही सेवा मिल रही है.

### दूर-दराज के लोगों को मिली सुविधा

आधार कार्ड अपडेट कराने आए लोगों ने बताया कि वर्तमान में नगर परिषद पटेरा ही एकमात्र स्थान है जहां यह कार्य सुचारू रूप से हो रहा है. उन्होंने कहा, हम लोग दूर-दूर से आ रहे हैं क्योंकि हमारे आस-पास कहीं पर आधार कार्ड नहीं बन रहे हैं. यहां आसानी से हमारे काम हो जाते हैं.नागरिकों ने इस बात पर संतोष व्यक्त शुल्क में पारदर्शिता है और दूर-दराज के ग्रामीण भी सरकारी दर पर इस आवश्यक सुविधा का लाभ उठा पा रहे हैं.

# जयकारे लगाते हुए निकला श्रीराम दल



**नवभारत,दमोह 29 सितंबर।** नवरात्रि, दशहरा पर्व पर दमोह शहर के शिवाजी स्कूल व पुराना थाना से श्री रामदल मोरंगज गल्ला मंडी पहुंचे. जहां पूजन उपरांत मोरगंज गल्ला मंडी से होकर शहर भ्रमण करते हुए मां बड़ी देवी पहुंचा. श्री राम दल में इस बार विशेष अखाड़े, भगवान के स्वरूप और हाथों में नव शक्ति शस्त्र शामिल रहे. कलेक्टर कोचर और पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में तहसीलदार रॉबिन जैन, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, पारूल चौधरी, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और राजस्व विभाग के अलावा पुलिस विभाग से एच आर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, यातायात दलबीर सिंह मार्को, टीआई रावेंद्र सिंह बागरी सहित पुलिस बल विशेष मार्गों पर मौजूद रहा.

# महफिल मुशायरा का आयोजन आज


**नवभारत,दमोह 29 सितंबर।** महान सूफी हजरत ख्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह का सालाना चार दिवसीय उर्स मुबारक मंगलवार से शुरू हो रहा है। इसकी शुरुआत सुबह 8 बजे स्थानीय पुराना बाज़ार नंबर 2 चिश्ती नगर में स्थित दरगाह परिसर में परचम कुशाई से हुई. मंगलवार को रात 9 बजे से महफिले मुशायरा नात और मनकबत होगा, जिसमें स्थानीय शायर शिरकत करेगे. इसके अलावा इसके अलावा 1 अक्टूबर को रात 9 बजे से मेहमान मौलाना सय्यद नवाज अख्तर चिश्ती आस्तान-ए-आलिया समदिया फफूंद शरीफ जि. औरईया यूपी और हाफ़िज़ मुनव्वर रजा, हाफ़िज़ मो. नोमान चिश्ती तकरीर प्रोग्राम पेश करेंगे।


**नाम सुधार सूचना**

मैं मुस्तफा अली पिता श्री डॉ. अली असगर जाति मुस्लिम आयु 19 वर्ष, साकिन मागंज वार्ड नं. 02 दमोह तहसील दमयंतीनगर दमोह जिला दमोह शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ :- 1. यह कि मैं मागंज वार्ड नं. 02 दमोह, तहसील दमयंतीनगर दमोह जिला दमोह में निवास करता हूँ। 2. यह कि मेरी कक्षा 10वी की मार्कशीट मैं माता का नाम JUMMANA ALI, लिखा हुआ है, लेकिन मेरी माता का सही नाम JUMANA ALI है जो समस्त दस्तावेजो दर्ज है। 3. यह कि मेरी माता का सही नाम JUMANA ALI (जुमाना अली) है। जो सही व सच है अत: मेरी माता का नाम JUMANA ALI लिखा एवं पढ़ा जायें।

गलत नाम :- JUMMANA ALI
सही नाम :- JUMANA ALI



# पंडा तिराहा स्थित वन भूमि को किया गया अतिक्रमण मुक्त



**कुम्हारी नवभारत 29 सितंबर।** वन मंडल अधिकारी के निर्देश पर सोमवार को वन अमले ने कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर किये अतिक्रमण को हटा दिया। ज्ञात हो कि स्थानीय लोगों द्वारा पंडा तिराहा की वन भूमि पर अतिक्रमण कर टपरी बना ली गई थीं, जिनको पूर्व में चेतावनी भी दी गई, मगर उनके द्वारा मनमानी करते हुए अतिक्रमण नहीं हटाया गया। सोमवार को वन विभाग की टीम पहुंची और वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराते हुए लकड़ी से बने टपरे कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि वन पर्यावरण संतुलन बनाने तथा वनों की सुरक्षा का दायित्व विभाग का माना जाता है, जहां अतिक्रमण होने पर विभाग द्वारा समय-समय कार्रवाई की जाती है।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी (दमोह शहर में विराजमान अलग-अलग स्वरूप में देवी प्रतिमाएं) प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी


नवभारत, पुराना थाना दुर्गोत्सव समिति


नवभारत, राजा राय, राय चौराहा।


नवभारत, लोको की महाकाली


नवभारत, चंदन गुप्ता, स्टेशन चौक केनरा बैंक।


नवभारत, राजकिशोर राशू चौहान-खिल्लाई चौराहा दुर्गा मेला उत्सव समिति।


नवभारत, घंटाघर की महरानी


नवभारत, जैन धर्म शाला असाटी वार्ड नं. 02


नवभारत, सिटीनल की महारानी


नवभारत,गाड़ी खाना दमोह


नवभारत, लोको पथरिया मार्ग


नवभारत, युवा संगठन इमला तिराहा दमोह


नवभारत, सीताबावली चौक


नवभारत, चमन तिराहा के पास


नवभारत, हरसिद्धि माता मंदिर के पास


नवभारत, ब्रिज के नीचे लोको


नवभारत, ब्रिज के पास बड़ी देवी मार्ग


नवभारत, श्री सदाशिव दुर्गा उत्सव समिति बजरिया 08


नवभारत, मागंज स्कूल के पास दमोह


नवभारत, पुराना कंट्रोल रूम के पास दमोह


नवभारत, गौरीशंकर तिराहा दमोह


नवभारत, माँ बड़ी देवी फाटक


नवभारत, हटा नाका दमोह


नवभारत, भारत माता इमलाई

विनय असाटी ब्यूरो प्रमुख दमोह | जय अम्बे जगदम्बे, दुर्गे भवानी माँ | भक्ति की अलख, सबसे अलग नवभारत परिवार के साथ | रामसेन फोटो ग्राफर दमोह